उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संख्या–323 / 3 / ई–1 / 2016–17

इलाहाबाद, दिनांक 29 जनवरी, 2018

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2017 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा इलाहाबाद तथा लखनऊ जनपदों में सम्पन्न होगी । मुख्य परीक्षा की तिथि एवं कार्यक्रम यथासमय विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जाएगा । सभी अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in को क्लिक करने पर प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प–इलाहाबाद अथवा लखनऊ में से वांछित केन्द्र तथा दो वैकल्पिक विषय को सेलेक्ट (Select) करें । केन्द्र और वैकल्पिक विषय के विकल्प में कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं है । अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वांछित सूचनाएं (मुख्य परीक्षा हेतु 02 वैकल्पिक विषय एवं परीक्षा केन्द्र के जिले का नाम) दिनांक 05.02.2018 तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें । तत्पश्चात् मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें । इसके पश्चात S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगे:–

(1) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा ।

(2) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

(3) उपरोक्त बिन्दु–2 की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है। अथवा,

(4) मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से ।

परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् फॉर्म सबमिट करके परम्परागत आवेदन–पत्र, मुख्य परीक्षा से संबंधित आवश्यक अनुदेश व आयोग को प्रेषित करने हेतु पता पर्ची (Address Slip) मुद्रित कर लें तथा उक्त समस्त कार्यवाही दिनांक 20.02.2018 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

2–तत्पश्चात् उपर्युक्त प्रस्तर–1 में उल्लिखित तथा मुद्रित किए गए परम्परागत आवेदन–पत्र को पूर्णरूप से भरकर समस्त संलग्नकों (उपाधियों, प्रमाण पत्रों, अंक तालिकाओं तथा अन्य सभी दावों से संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां तथा प्रस्तर–1 में उल्लिखित ऑनलाइन फॉर्मेट के प्रिंट आउट की प्रति) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर प्रस्तर–1 के अनुसार मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक 28.02.2018 को 6.00 बजे सायंकाल तक अथवा उसके पूर्व सचिव,लोक सेवा आयोग,

...2

उ0प्र0 (परीक्षा अनुभाग–3) 10, कस्तूरबा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें । उक्त अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे । वांछित प्रमाण–पत्रों के संलग्न न होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे ।

3–मुख्य परीक्षा में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके द्वारा निर्धारित तिथि तक सभी चरणों की प्रक्रिया पूर्ण की गईं होंगी ।

4–अभ्यर्थी आयोग की उक्त वेबसाइट से डाउनलोड किए गए आवश्यक अनुदेशों का भली–भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही पराम्परागत आवेदन–पत्र भरें ।

29/11/18

(अंजू कटियार)
परीक्षा नियंत्रक